Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:07 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:13 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 13 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 25 जून 2025

सलमान खान और गोविंदा के साथ...पेज-3 पर

News

कॉर्नर

राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर

नैनीताल । राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) 25 जून (आज) से तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय ने बताया कि 25 जून (आज) को प्रात: तराई भवन पंतनगर से कार द्वारा प्रस्थान कर 9 बजे आर्मी हैलीपेड हल्द्वानी पहुचेंगे जहां कार द्वारा 9.30 बजे कार द्वारा नैनीताल पहुचेंगे तथा 11 बजे कुमाऊ विश्वविद्यालय नैनीताल के स्थापना समारोह में उपराष्ट्रपति के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा रात्रि विश्राम राजभवन नैनीताल में करेंगे। राज्यपाल 27 जून को 9.50 बजे से 12.30 बजे तक उपराष्ट्रपति के साथ कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। इसके पश्चात राज्यपाल 12.35 बजे कार द्वारा सर्किट हाउस काठगोदाम पहुचेंगे जहां से अपराह्न 2 बजे गौलापार हैलीपेड से जीटीसी हैलीपेड देहरादून को रवाना होंगे।

गौरव बने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र वैज्ञानिक अधिकारी

नैनीताल । नगर के तल्लीताल स्थित कृष्णापुर निवासी गौरव जोशी भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में वैज्ञानिक अधिकारी बन गए हैं। बता दें गौरव मूल रूप से अल्मोड़ा जिले के अर्चाली गांव के निवासी हैं। गौरव के मुताबिक उन्होंने यह कामयाबी कठिन परिश्रम, समर्पण और निरंतर प्रयासों से हासिल की है। गौरव ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर से भू विज्ञान में एमएससी किया है। गौरव के पिता चंद्र मोहन जोशी सिविल कोर्ट में अधिवक्ता हैं और माता श्रीमती लीला जोशी गृहिणी हैं। उनके बड़े भाई इंडियन नेवल आर्मामेंट सर्विसेज में अधिकारी हैं। गौरव ने बताया कि उनके भाई का इस सफलता में विशेष योगदान रहा है। उनकी यह कामयाबी पर उनके परिजनों व शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है।

जुलाई में होगा विधानसभा का मानसून सत्र

देहरादून
हमारे संवाददाता

विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई में होगा। कैबिनेट ने सत्र बुलाने को मंजूरी दी। स्थान और तारीख सीएम तय करेंगे। प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में विधानसभा के आगामी मानसून सत्र को लेकर अहम फैसला लिया गया।

कैबिनेट ने जुलाई महीने में सत्र बुलाने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। हालांकि सत्र की तिथि और स्थान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा तय की जाएगी। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में भी एक बड़ा निर्णय लिया गया। उत्तराखंड विशेष शिक्षा शिक्षक सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी प्रदान की गई, जिसके तहत प्रदेश में विशेष शिक्षा शिक्षकों के 135 पदों पर भर्ती की जाएगी। इससे विशेष जरूरतों वाले बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तृतीय चरण को शुरू करने की दिशा में भी कार्रवाई तेज हो गई है। कैबिनेट ने इस कार्यक्रम को राज्य में लागू करने के लिए पंचायती राज विभाग को अधिकृत किया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

यमुनोत्री पैदल मार्ग पर रेस्क्यू ऑपरेशन का आज तीसरा दिन

देहरादून। भूस्खलन के कारण यमुनोत्री पैदल मार्ग पर लापता लोगों को ढूंढने के लिए आज सुबह रेस्क्यू अभियान जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन का आज तीसरा दिन है। स्निफर डॉग के जरिए एसडीआरएफ की टीम लापता लोगों को ढूंढने में लगी है।

वहीं यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरो मन्दिर, नौ कैंची के पास लैंडस्लाइडिंग स्थल पर आए मलबा व पत्थरों को हटाकर मार्ग को तीर्थ यात्रियों के आवगमन के लिए सुचारु कर दिया गया है। श्रद्धालुओं को जानकीचट्टी से धीरे-धीरे यमुनोत्री धाम के लिए भेजा जा रहा है। यमुनोत्री से वापस जानकीचट्टी के लिए वैक्लपिक मार्ग को तैयार किया गया है।

उप राष्ट्रपति का कार्यक्रम के बीच अचानक स्वास्थ्य खराब

उप राष्ट्रपति उत्तराखण्ड भ्रमण पर, तबीयत बिगड़ी

नैनीताल
हमारे संवाददाता

देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तीन दिवसीय उत्तराखण्ड भ्रमण पर हल्द्वानी पंहुचे। हल्द्वानी आर्मी हैलीपेड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

इसके अलावा बतौर मुख्यमंत्री उत्तराखंड के प्रतिनिधि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सांसद अजय भट्ट,मेयर हल्द्वानी गजराज बिष्ट, उपाध्यक्ष वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति उत्तराखंड दीपक महरा व मुख्य सचिव के प्रतिनिधि आयुक्त कुमाऊ दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा, कर्नल जतिन ढील्डन, स्टेशन कमांडर हल्द्वानी ने, हल्द्वानी हेलीपैड पर उप राष्ट्रपति का स्वागत किया। जिसके बाद नैनीताल को बाई रोड से दोपहर को कुमाऊं विश्वविद्यालय एचआरडीसी भवन पहुंचे। कार्यक्रम के समापन के बाद वे अपने पुराने मित्र और पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल से मिलने पहुंचे।

तत्काल राजभवन पहुंचाया गया

कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के कार्यक्रम के दौरान बुधवार देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ की अचानक तबीयत खराब हो गई। उपराष्ट्रपति तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे हैं। कार्यक्रम के बीच अचानक स्वास्थ्य खराब होने के चलते उन्हें तत्काल राजभवन पहुंचाया गया, जहां फिलहाल वे आराम कर रहे हैं। जहां डॉक्टरों की एक टीम उपराष्ट्रपति की निगरानी में तैनात है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर है।

उपराष्ट्रपति के आगमन पर दो दिवसीय ट्रैफिक डायवर्जन लागू

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नैनीताल जनपद में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने दो दिवसीय ट्रैफिक डायवर्जन लागू करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 25 जून को सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक और 27 जून को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक या वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगी।

इन दौरान सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई मार्गों पर प्रतिबंध और डायवर्जन लागू किया जाएगा। इस विशेष योजना के तहत, उपराष्ट्रपति के हल्द्वानी से नैनीताल प्रस्थान के दौरान भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले सभी वाहन इस अवधि में हल्द्वानी से कालाढूंगी और रामनगर होकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे। हल्द्वानी से ज्योलीकोट तक वीवीआईपी रूट को जीरो जोन घोषित किया गया है। इस मार्ग में तिकोनिया चौराहा, नगर निगम कट, रूसी बैंड और भवाली क्षेत्र के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। विशेष रूप से नैनीताल बैंक तिराहा, अटल मार्ग, रूसी बैंड होते हुए कालाढूंगी की ओर और भवाली-भीमताल मार्ग पर वाहनों की दिशा परिवर्तित की जाएगी। फ्लीट मूवमेंट से बीस मिनट पूर्व रोडवेज, केमू और टैक्सी स्टैंड पर सभी वाहनों को रोक दिया जाएगा। पनचक्की तिराहा, गौलापार, सलड़ी चौकी, चंदा देवी, अमृतपुर गेट और मस्जिद तिराहा जैसे प्रमुख स्थानों पर भी वाहनों को रोका जाएगा या वैकल्पिक मार्गों पर भेजा जाएगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वीवीआईपी रूट से जुड़े सभी कट और लिंक मार्गों पर फ्लीट प्रस्थान के दौरान वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

कार की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत, परिवार में कोहराम

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

हादसा

- गांव भमरौला से खाना खाकर बाईक से आ रहा था रुद्रपुर

किच्छा बाईपास रोड पर कार की टक्कर से बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कार वाले ने ही अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल इस मामले में आरोपी कार सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम को किच्छा बाईपास रोड पर बाईक सवार युवक को एक कार ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि टक्कर लगने के बाद बाईक सवार काफी दूर जा गिरा। उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि बाईक सवार ग्राम भमरौला निवासी मोहम्मद रिहान पुत्र अनीस अहमद था। उसकी उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि उसे उपचार को कार वाले ने ही अस्पताल पहुंचाया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मोर्चरी में रखवा दिया। बुधवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। आरोपी कार सवार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी मिली है। मृतक रुद्रपुर में काम करता था और वह खाना खाकर घर से वापस आ रहा था।

अनियंत्रित कार नहर में गिरी, नवजात समेत चार की मौत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मूसलधार बारिश के लगातार चलते एक कार नहर में जा गिरी कार में सवार मासूम सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य तीन घायल है। जिनको उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। देर रात से हो रही मूसलधार बारिश से शहर के अधिकतर बरसाती नाले उफान हैं। यहां फायर ब्रिगेड ऑफिस के पीछे बहने वाली नहर में तड़के एक कार गिर गई।

सुशीला तिवारी अस्पताल से बुधवार की तड़के कार में सवार होकर अपने घर लौट रहे कुछ लोग फायर स्टेशन वाली रोड से होते हुए जा रहे थे । तभी अचानक कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कार संख्या में सवार सभी लोग ग्राम बरा, किच्छा, उधम सिंह नगर के निवासी थे और सुशीला तिवारी अस्पताल से वापस गांव लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। ओर कड़ी मशक्कत से कार में सवार लोगों को निकला जिसमें एक मासूम सहित चार लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। मृतकों की पहचान 34 वर्षीय नीतू, 51 वर्षीय कमला देवी , 32 वर्षीय राकेश, और चार दिन के एक नवजात के रूप में हुई है।

वहीं घायल लोग 27 वर्षीय रामा, 39 वर्षीय रमेश, चालक 40 वर्षीय श्यामलाल हैं। जिन्हें इलाज के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि नहर में गिरा वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था और फंसे लोगों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

इधर, कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि कार में सात लोग सवार थे, जिसमें एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई है। और तीन लोगों उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका उपचार चल रहा है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि कार में सवार लोग आपस में रिश्ते दार है।उन्होंने यह भी बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।चारों मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कर नहर में कैसे गिरी इसकी भी जांच की जा रही है।

दुखद

- तीन लोग घायल हालत गंभीर

डॉक्टरों की समस्या के निस्तारण की मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ उत्तराखंड द्वारा स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत को डॉक्टरों की समस्या के निस्तारण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उनके समक्ष कई समस्याओं को प्राथमिकता से रखा। इस दौरान चिकित्सकों की एक मांग पर स्वास्थ्य मंत्री डा.रावत ने कहा कि नैनीताल का बीडी पांडे जिला अस्पताल को दुर्गम श्रेणी में रखा जाएगा। प्रदेश भर से अधिवेशन में पहुंचे डॉक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री के सामने सरकारी आवासों की समस्या रखी, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आवासों के लिए सरकार की ओर से पूरा बजट दिया जाएगा। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह रावत समेत डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल ने स्वास्थ्य मंत्री को पुष्प गुच्छ व शाल भेंट कर उनका स्वागत किया जिसके बाद विभिन्न जिलों से पहुंचे डॉक्टरों ने अपनी समस्याएं स्वास्थ्य

मंत्री के सामने रखी। डॉक्टरों ने कहा कि राज्य भर में डॉक्टरों के लिए आवासों की उपलब्धता हो तो डॉक्टरों समेत मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टरों के आवासों के लिए पर्याप्त बजट देने की बात कही। वहीं डॉक्टरों की ओर से 108 सेवा की ओर से कई बार देरी होने की भी शिकायत की। वहीं कई सर्जन ने अस्पतालों में असिस्टेंट सर्जन की मांग की। इधर नैनीताल के डॉक्टरों ने बीडी पांडे अस्पताल को दुर्गम श्रेणी में रखने की मांग की। जिस पर स्वस्थ्य मंत्री ने कहा कि बीडी पांडे अस्साल को सुगम से दुर्गम श्रेणी में डाला जाएगा।

इस दौरान अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एन एस गुंज्याल ,पीएमएस डॉ.टीके टम्टा,डॉ.डॉ. नरेंद्र रावत,डॉ एमएस दुग्गल,डॉ. वीके मिश्रा, डॉ.मोनिका कांडपाल, डॉ. अनिरुद्ध गंगोला समेत विधायक सरिता आर्य, मण्डल अध्यक्ष नितिन कार्की, मनोज जोशी समेत लोग मौजूद रहे।

भूमियाधार के समीप फिर लगी अवैध दुकानें

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल- भवाली मोटर मार्ग में भूमियाधार के समीप फिर एक बार अवैध दुकानें लग चुकी हैं। बीते दिनों ही प्रशासन ने उक्त दुकानों को ध्वस्त किया था। लेकिन दोबारा दुकानें लगने से यातायात बाधित होने लगा है।

बता दें कि नैनीताल भवाली रोड में भूमियाधार के समीप सड़क किनारे कई अवैध दुकानें लगाई जा रही हैं। लोगों की शिकायत व कैंची मेले के दौरान सुगम यातायात बनाने के लिए प्रशासन की टीम ने अवैध दुकानों को ध्वस्त कर हटा दिया था। लेकिन फिर एक बार सड़क के किनारे दुकानें लग चुकी हैं। जिससे वहां कई वाहन रुक रहे हैं। वीकेंड पर यहां यातायात प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में गंदगी भी फैल रही है। लेकिन प्रशासन अवैध दुकानों को नहीं हटाने में सफल नहीं हो पा रहा है। मामले में एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि सड़क किनारे लगी अवैध दुकानों को जल्द हटाया जाएगा।

मामा भांजे के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। कुछ लोगों द्वारा भांजे से मारपीट करता देख उसे बचाने आये मामा पर उक्त लोगों ने जानपलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुभाष कालोनी, वार्ड 29 निवासी अब्दुल हसन उर्फ बाले हसन पुत्र अली हसन ने कहा है कि वह पेंटिंग का कार्य करता है। 19 जून को काम करके अपने घर आ रहा था उसने देखा कि राजा पुत्र साबिर अहमद निवासी भूतबंगला उसके भान्जे सरताज पुत्र मुखत्यार अहमद निवासी सुभाष कालोनी के साथ मारपीट कर रहा है। जब राजा से अपने भान्जे को बचाने की कोशिश की तभी राजा व उसके पिता साबिर व उनके साथी तीन अन्य लडकों ने उसको जमीन पर गिरा गिरा कर लोहे की रॉड से बुरी तरह से मारा पीटा। जब दूसरा भान्जा शहजाद आया तो उक्त लडकों ने उसको भी बुरी तरह से मारा पीटा। मोहल्ले के लोगों को आता देखकर उक्त लोग धमकी देते हुए भाग गये। बताया कि अब उक्त लोग उस पर फैसला करने का दबाब बना रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फिलहाल हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

नियमितीकरण को 354 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन 354 वें दिन भी जारी रहा ।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए - पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत मुंबई से आए पर्यटकों ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए मां हिंगला देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण किया । यात्रियों ने कहा कि उन्हें पौधारोपण करने का सौभाग्य मिल रहा है। ऐसा अपनी मांगों को लेकर किया जा रहा पौधारोपण आंदोलन आज वह पहली बार देख रहे हैं। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी ने नवनियुक्त सचिव पर्यटन धीराज गर्बियाल का महासंघ की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में निगम हित व राज्य हित में पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य होंगे ।उन्होंने कहा कि धीराज गर्बियाल पूर्व में निगम के महाप्रबंधक व प्रबंध निदेशक रहे हैं। उनके कार्यकाल में कर्मचारियों का नियमितीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वार्ता हेतु निगम कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में एक पत्र भी पर्यटन सचिव को प्रेषित किया गया है जिसमें दोनों निगमों के कर्मचारियों के द्वारा 3 जुलाई से वर्तमान तिथि तक किए गए पौधारोपण आंदोलन के तहत 53 हजार00 पौधों का रोपण किया गया है। इसी के साथ उनके संगठन का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में आया है।

NEWS / फटाफट

अर्ल्स कोर्ट क्षेत्र की दीवार गिरी, यातायात बाधित

नैनीताल । नगर के मल्लीताल स्थित बालिका इंटर कॉलेज स्कूल के समीप अर्ल्स कोर्ट क्षेत्र की दीवार मंगलवार की सुबह गिर गर सड़क पर आ गई, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई भी पैदल राहगीर और वाहन क्षेत्र से नहीं जा रहा था जिससे दीवार गिरने से जानमाल बड़ा हादसा होने से बच गया। स्थानीय लोगों ने दीवार गिरने की सूचना आपदा प्रबंधन विभाग को दी जिसके बाद दीवार के मलबे को हटाकर यातायात को संचालित किया गया लेकिन अब भी क्षेत्र में यह दुर्घटना संभावित क्षेत्र बना हुआ है। आते जाते वाहनों और स्कूली बच्चों और राहगीरों के लिए दीवार खतरा बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने जल्द से जल्द कैंपस की दीवार को दुरुस्त करने की मांग की।

रेहड़ी पटरी हॉकर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा

नैनीताल। रेहड़ी पटरी हॉकर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को नगरपालिका के ईओ रोहिताश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर पूर्व में फ ड़ कारोबारियों को पंत पार्क से नैना देवी मंदिर तक स्थान आवंटित किया था और कुछ समय पूर्व पालिका और पुलिस प्रशाशन की ओर से उन्हें पालिका कार्यालय के समीप बैठा दिया गया है। जिस कारण उनका काम नहीं चल रहा है और उनकी स्थिति काफी दयनीय है। उन्होंने अनुरोध किया कि इन्हें फिर से उक्त स्थान पर बैठने की कृपा करें नहीं तो फड़ कारोबारी मजबूर होकर नगरपालिका कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

29 से 23वीं नैनी ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता

नैनीताल । पर्वतीय संस्कृतिक समिति द्वारा नैनीताल के गोवर्धन हाल (सेवा समिति)में 23वीं नैनी ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 29 जून (रविवार) को किया जा रहा है। प्रतियोगिता की तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव ईश्वर दत्त तिवारी के मुताबिक प्रतियोगिता में लगभग 70 हजार के प्राइज नगद और ट्रॉफी रखी गयी हैं। प्रतियोगिता स्विस लीग के आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए अब तक 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने अलग अलग जगह से अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लिया है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 27 जून (शुक्रवार) रखी गई है।

चीता कांस्टेबल ने बीमार बच्चे को अस्पताल पहुंचाया

नैनीताल । दिल्ली से नैनीताल घूमने आए पर्यटक का बच्चा बीमार पड़ गया जब ट्रेफिक में पर्यटक बच्चे को अस्पताल नहीं पहुंचा सके तो चीता कांस्टेबल ने बाइक पर बच्चे को अस्पताल पहुँचाया। समय पर इलाज मिलने पर बच्चे की जान बच गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को दिल्ली के पर्यटक कनहैय्या लाल रस्तोगी कैंची से घूमकर तल्लीताल होटल में ठहर गए। इस दौरान उनके दो वर्ष के बच्चे की तबियत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। जब पर्यटक अपने वाहन में बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए निकले तो वह जाम में फंस गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे चीता कांस्टेबल अमित गहलोत ने अपनी बाइक पर पर्यटक व बच्चे को ट्रैफिक को हटाते हुए अस्पताल पहुंचाया। जहां डाकटरों ने उसको उपचार दिया। मंगलवार को पर्यटक तल्लीताल थाने में पहुंचे और चीता कांस्टेबल का आभार जताया।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

पंचायत चुनाव: सरकार ने नैनीताल हाईकोर्ट के समक्ष रखा अपना पक्ष

नैनीताल

हमारे संवाददाता

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर लगी रोक को हटाने के संबंध में मंगलवार को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के समक्ष मेंशन कर कहा कि 9 जून (सोमवार) को सरकार ने जो नियमावली बनाई गई थी उसका गजट नोटिफि केशन 14 जून (शनिवार) को हो गया था । लेकिन कमयुनिकेशन गैप के कारण गजट नोटिफि केशन को हाईकोर्ट के समक्ष सुनवाई के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा सका था ।

बता दें मंगलवार को सरकार की ओर से यह नोटिफि केशन हाईकोर्ट के समक्ष पेश कर दिया है जिसके बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने पंचायत चुनाव संबन्धी सभी याचिकाओं की सुनवाई हेतु बुधवार (आज) अपरान्ह 2 बजे का समय निर्धारित किया है । इस मामले में मंगलवार को दीपिका किरौला व अन्य की याचिकाएं भी सुनवाई को लगी थी । हाईकोर्ट ने इन सभी की एक साथ सुनवाई के निर्णय दिया गए । मामले के अनुसार बागेश्वर निवासी गणेश कांडपाल व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार द्वारा 9 तथा 11 जून को जारी नियमावली को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी । सरकार ने इस नियमावली में राज्य में अब तक के आरक्षण रोस्टर को शून्य घोषित कर दिया था और आरक्षण का नया रोस्टर जारी कर उसे पहली बार वर्तमान चुनाव से लागू माना । याचिकाकर्ता के मुताबिक एक तरफ सरकार का यह नियम कोर्ट के पूर्व में जारी आदेश के खिलाफ है और दूसरा पंचायती राज अधिनियम 2016 की धारा 126 के अनुसार कोई भी रूल तभी प्रभावी माना जायेगा जब उसका सरकारी गजट में प्रकाशन होगा । दूसरी ओर अब इस बात को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं कि 14 जून को गजट नोटिफिकेशन के होने के बाद भी सचिवालय सहित अन्य संस्थाओं को इसकी जानकारी कयों नहीं थी ?

दो दिवसीय अखिल भारतीय आईपीएससी ताइक्वांडो प्रतियोगिता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल में मंगलवार से दो दिवसीय अखिल भारतीय आईपीएससी ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन हुआ। इस प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिष्ठित स्कूलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इससे पूर्व कार्यक्रम के मुखय अतिथि बिड़ला विद्या मंदिर के सदस्य बोर्ड ऑफ गवर्नर सूरज अग्रवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइकोडो न केवल एक खेल है बल्कि यह अनुशासन और आत्म संयम भी सिखाता है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने खेल के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया। बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे संस्थान में इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। हमें विश्वास है कि यह प्रतियोगिता न केवल

खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करेगी बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरित करेगी। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई दी और सफल आयोजन की कामना की।

प्रतियोगिता में बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल, एमिरेल हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, राजकुमार कॉलेज राजकोट, असम वैली स्कूल असम, संस्कार वैली स्कूल भोपाल तथा पेस्टल वीड स्कूल देहरादून आदि देश के प्रतिष्ठित स्कूल प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के वित्त प्रबंधक संजय गुप्ता तथा उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, खेल प्रशिक्षक पृथ्वीराज सिंह किरोला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गडिया समेत विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। संचालन जतिन ग्रोवर ने किया।

अभिमत

विपक्ष को मौका

पंचायतों का कार्यकाल पिछले साल 30 नवंबर को समाप्त हो गया था। चुनाव कराने की स्थिति नहीं होने पर उस समय छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त किये गये थे। प्रशासकों का कार्यकाल भी 29 मई को समाप्त हो गया। छह माह में भी चुनाव नहीं कराये गये। अब पुनः प्रशासकों के भरोसे पंचायत रहेंगी, हालांकि छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त नहीं किये गये हैं और 31 जुलाई तक चुनाव प्रक्रिया पूरी करनी थी। इस बीच हाईकोर्ट ने चुनाव कराने पर रोक लगा दी। चुनाव नहीं करा पाने से राज्य सरकार पर हमले का विपक्ष को मौका मिल रहा है। इससे पहले नगर निकाय के चुनाव नहीं करा पाने पर प्रशासक नियुक्त किये गये थे।

उत्तराखंड में हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जिलों की पंचायतों में प्रशासक नियुक्त कर दिये गये हैं। पंचायतों का कार्यकाल पिछले साल 30 नवंबर को समाप्त हो गया था। चुनाव कराने की स्थिति नहीं होने पर उस समय छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त किये गये थे। प्रशासकों का कार्यकाल भी 29 मई को समाप्त हो गया। छह माह में भी चुनाव नहीं कराये गये। अब पुनः प्रशासकों के भरोसे पंचायत रहेंगी, हालांकि छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त नहीं किये गये हैं और 31 जुलाई तक चुनाव प्रक्रिया पूरी करनी थी। इस बीच हाईकोर्ट ने चुनाव पर रोक लगा दी। चुनाव नहीं करा पाने से राज्य सरकार पर हमले का विपक्ष को मौका मिल रहा है। इससे पहले नगर निकाय के चुनाव नहीं करा पाने पर प्रशासक नियुक्त किये गये थे। विपक्ष की आलोचना झेलने के बाद चुनाव कराये गये। राज्य में डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार है। केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। नगर निकायों में भी भाजपा बहुमत में है। राज्य सरकार अपनी उपलब्धियां समय-समय पर गिनाती रहती है। यह कहना उचित नहीं होगा कि राज्य सरकार नाकाम है, लेकिन चुनाव कराने से बचने को लेकर विपक्ष का सवाल उठाना लाजिमी है। पंचायतों के चुनाव नहीं करा पाने का कारण समझ से परे है। क्योंकि राज्य निर्वाचन आयोग का दावा है कि उसने अपने स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। निर्वाचन आयुक्त का कहना है कि वोटर लिस्ट फाइनल हो गई है, उसे ऑनलाइन कर दिया गया है। ग्राम पंचायतों का परिसीमन किया जा चुका है। निर्वाचन आयोग द्वारा तैयारी किये जाने के बाद भी राज्य सरकार ने चुनाव क्यों नहीं कराये, इसका उत्तर सरकार ही दे सकती है। भाजपा का दावा है कि वह सबसे बड़ी पार्टी है। देशभर में गांव-गांव और शहरों में वार्ड स्तर पर उसके कार्यकर्ता हैं। सच्चाई यह है कि संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा की तुलना में देश में कोई भी पार्टी सुदृढ़ नहीं है। उत्तराखंड में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस बिखर चुकी है। राज्य स्तर के नेताओं में भी एकजुटता का अभाव है। चुनाव में लगातार पराजय से कांग्रेस के कार्यकर्ता हताश हो चुके हैं। राज्य और जिला स्तर पर ही कांग्रेस संगठन है। मुकाबला करने में विपक्ष के कमजोर होने पर भी उत्तराखंड सरकार चुनाव से कतराती रही है। वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव कराने होंगे। भाजपा के पदाधिकारियों का दावा है कि विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। विधानसभा चुनाव तो टाले नहीं जा सकते, इसलिए तैयारी की जा रही है।

29 करोड़ से अधिक रुपये गबन का मास्टरमाइंड दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

इंडसइंड बैंक में एनएचएआई व कंपीटेंट अथारिटी आफ एक्रीजिशन यानी सीएएलए के संयुक्त खाते से फर्जी चेकों से करोड़ों रुपये निकाल लिए गए थे। पुलिस ने पूर्व में बैंक मैनेजर और महिला कैशियर को गिरफ्तार किया था।

जबकि इस घटना में फरार चल रहे मास्टरमाइंड राजकुमार उर्फ चेयरमैन को पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया।उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस के मुताबिक अगस्त सितंबर, 2024 में इंडसइंड बैंक में कंपीटेंट अथारिटी फार एक्रीजिशन (सीएएलए) और एनएचएआई के संयुक्त खाते से तीन फर्जी चेकों से 12.62 करोड़ रुपये निकाले गए थे। पुलिस ने बैंक मैनेजर देवेंद्र सिंह और महिला कैशियर को गिरफ्तार किया था। बाद में सरकारी खाते में पूरी रकम वापस हो गई थी। पुलिस ने बैंक में फर्जी चेक लगाने वाले ललित कुमार महेंद्रू उर्फ लाली उर्फ शिव दास पाटिल निवासी बलवंत एनक्लेव थाना बिलासपुर रामपुर को तीन अक्टूबर को जीरकपुर पंजाब से गिरफ्तार किया था। साथ ही ललित कुमार महेंद्र उर्फ लाली की बहन मीनू बाठला और राजकुमार उर्फ चेयरमैन की संलिप्तता मिलने पर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

जांच में एक अन्य धीरज की संलिप्तता भी मिली थी। तब से पुलिस तीनों की तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी न होने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने राजकुमार उर्फ चेयरमैन पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। इस बीच मीनू के गिरफ्तारी स्टे लेने के बाद पुलिस राजकुमार उर्फ चेयरमैन की गिरफ्तारी को जगह जगह दबिश दे रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम टेक्निकल-मैनुअल पुलिसिंग, देशभर में छापेमारी की उसके खिलाफ सटीक सूचना प्राप्त करने में सफल रही। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि आरोपी इंडसइंड बैंक के खाते से 29 करोड़ 50 लाख की धोखाधड़ी फर्जी चेक के माध्यम से किया था। पुलिस को सूचना मिली कि वह सेरोगेसी के माध्यम से पिता बनने की योजना बना रहा है। इसी अहम सुराग से आरोपी तक पहुंचना आसान हुआ।राजकुमार उर्फ चेयरमैन को हरिणायाा से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया कि रामकुमार ने अपने संगठित अपराधी गिरोह के साथ मिलकर फर्जी चेकों का उपयोग कर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणऔर भूमि अधिग्रहण अधिकारी के बैंक खातों से विभिन्न राज्यों में 29 करोड़ से अधिक रुपये की अवैध निकासी की। इस गिरोह की योजना लगभग 300 करोड़ रुपये की और धोखाधड़ी करने की थी, किंतु सजगता से वह सफल नही हो सके। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

सफाई कर्मचारी संघ का दूसरे दिन भी धरना जारी

नैनीताल । नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) का भुगतान करने की मांग को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान उन्होंने पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 20200 से पूर्व की एनपीएस राशि अल्मोड़ा अर्बन को.ऑपरेटिव बैंक मल्लीताल शाखा में जमा की गई थी जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया। कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर भुगतान नहीं किया गया तो संघ के सभी कर्मचारी लेखा अनुभाग के समीप अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को बाध्य होगा। इस दौरान संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, उपाध्यक्ष कमल कुमार, महासचिव सोनू सहदेव समेत विक्की सिलेलान, मंगू लाल, महेंद्र लाल, अमित सहदेव, रवि कुमार, मनोज कुमार, दीपक कुमार, मनीष कीर्ति, राजा, दिनेश रत्नाकर, मनोज कुमार, शोभा, बबली, अनिता तथा मीनू आदि रहे।

फायरिंग की घटना ने फिर उछाले राजनीतिक संरक्षण के सवाल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बिरला स्कूल के पास सोमवार देर शाम हुई फायरिंग की घटना ने शहर में फिर से कानून-व्यवस्था पर सवालिया निशन लगा दिया है। इस हमले में एक युवक को गोली लगी है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस मामले में आईटीआई गैंग का नाम सामने आया है, जो पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। स्थानीय पुलिस और सूत्रों के अनुसार, आईटीआई गैंग लंबे समय से हल्द्वानी और आस-पास के क्षेत्रों में सक्रिय है। इस गैंग के कई सदस्य कथित तौर पर सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं के संरक्षण में हैं, जिससे उनकी गतिविधियों पर लगाम लगाना मुश्किल होता जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि जब भी पुलिस इस गैंग के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी करती है, तब कहीं न कहीं ऊपरी दबाव के कारण केस कमजोर पड़ जाते हैं या इन्हें 'छोटे अपराधी' बताकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए गैंग के कई सदस्यों को गिरफ्तार किया और पूछताछ की। लेकिन फिर भी कई प्रभावशाली और सत्ता से जुड़े सफेदपोश लोग इन बदमाशों की पैरवी करते नजर आए।

इससे पुलिस की कार्रवाई की निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना ने आम जनता के बीच गहरा आक्रोश और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। लोग पूछ रहे हैं कि अगर शहर के बीचों-बीच फायरिंग हो सकती है, तो आम नागरिक कितने सुरक्षित हैं? सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है और लोग पुलिस-प्रशासन से तत्काल, पारदर्शी और कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

शहर के सामाजिक संगठनों और स्थानीय समुदाय ने प्रशासन से इस मामले में जवाबदेही और प्रभावी कार्रवाई की अपील की है। पुलिस विभाग से भी उम्मीद की जा रही है कि वह राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर इस घटना की निष्पक्ष जांच कराए और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाए। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है। पुलिस अपना काम कर रही है जल्द ही दोषी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस कई लोगों से कर रही पूछताछ

हल्द्वानी में गोलीकांड के बाद पुलिस कई लोगों से पूछताछ भी कर रही है। लेकिन पुलिस पर राजनीतिक दबाव साफतौर पर देखा जा रहा है। अपुष्ट सूत्रों की मानें तो इस मामले में कई नेताओं के पुलिस को फोन भी जा रहे हैं। ऐसे में बढ़ते अपराध और उनके राजनीतिक संरक्षण के सवाल, कानून व्यवस्था की चुनौती बने हुए हैं। आगामी दिनों में प्रशासन की कार्रवाई और स्थिति सुधार पर आम जनमानस की नजरें टिकी रहेंगी।

फिल्मी दुनिया

सलमान खान और गोविंदा के साथ हिट रही करिश्मा कपूर की जोड़ी

करिश्मा कपूर ने अपने करियर में कई बड़े एक्टर्स के साथ बेहतरीन फिल्में की हैं। 90 के दशक में सलमान खान और गोविंदा के साथ उनकी जोड़ी खूब जमी है। उनके जन्मदिन पर आइए जानते हैं उनके बारे में। करिश्मा कपूर ने 1990 और 2000 के दशक में अपनी शानदार अदाकारी से लोगों के दिलों पर राज किया। वह उन दिनों बॉलीवुड की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस में शामिल थीं। सलमान खान और गोविंदा के साथ उनकी जोड़ी काफी मशहूर रही। कॉमेडी फिल्मों में काम करने के बाद करिश्मा ने फिल्मों में सीरियस किरदार भी निभाया है। करिश्मा कपूर ने नेशनल अवॉर्ड और फिल्मफेयर अवार्ड समेत कई पुरस्कार अपने नाम किए। आज 25 जून को करिश्मा कपूर अपना 51वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर जानते हैं उनके बारे में कुछ खास बातें। 25 जून 1974 को मुंबई में जन्मी करिश्मा कपूर को अदाकारी विरासत में मिली। उनके पिता रणधीर कपूर और माता बबीता दोनों ही कलाकार थे। करिश्मा के दादा राज कपूर भी अभिनेता और फिल्म निर्माता थे। 16 साल की उम्र में करिश्मा कपूर ने फिल्म प्रेम कैदी से बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इस फिल्म की कामयाबी के बाद करिश्मा कपूर फिल्म पुलिस अफसर, जागृति, निश्चय, सपने साजन के और दीदार में नजर आईं। इसके बाद करिश्मा कपूर ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। करिश्मा कपूर ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं। उनकी जोड़ी सलमान खान से साथ खूब जमी। उन्होंने सलमान खान के साथ नौ फिल्में की हैं।

फिल्मों में किए सीरियस रोल

90 के दशक में बेहतरीन फिल्मों में काम करने के बाद करिश्मा कपूर ने 2000 के बाद फिल्मों में गंभीर रोल करना शुरू किया। करिश्मा ने साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म फिजा में सीरियस रोल निभाया है। फिल्म में वह अपने भाई को ढूंढती हैं। उन्होंने 2001 में रिलीज हुई फिल्म जुबैदा में सीरियस रोल किया। यह फिल्म अभिनेत्री जुबैदा बेगम की जिंदगी पर आधारित थी। फिल्म में उन्होंने ऐसी महिला का किरदार निभाया जिसे उसका प्यार नहीं मिला। साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म शक्ति- द पावर में भी करिश्मा ने गंभीर रोल निभाया।

रिश्वत मामले में सुबोध शुक्ला की जमानत याचिका खारिज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम)/ द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हल्द्वानी विक्रम की अदालत ने 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी बागेश्वर सुबोध शुक्ला की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

अदालत में प्रस्तुत मामले के अनुसारए शिकायतकर्ता कैलाश चन्द्र जो कि उपनल के माध्यम से सैनिक कल्याण विभाग में संविदा पर कार्यरत थे ने शिकायत की थी कि सेवा विस्तार के एवज में अधिकारी सुबोध शुकला द्वारा1000 50 हजार की रिश्वत की मांग की गई। शिकायत सत्य पाए जाने पर सर्तकता अधिष्ठानए नैनीताल सैक्टर हल्द्वानी की ट्रैप टीम द्वारा 24 मई 2025 को अभियुक्त को रंगे हाथों 50 हजार0 की रिश्वत लेते हुए गिरफतार किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (फ जैदारी) सुशील शर्मा ने कोर्ट को बताया कि ट्रैप के दौरान की गई ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग, बरामद लिफाफे में मिले नोटों पर कैमिकल परीक्षण तथा अभियुक्त के हाथों से मिले संकेत इस बात के पुष्ट प्रमाण हैं कि रिश्वत ली गई थी साथ ही शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई गोपनीय शिकायत की जांच में भी आरोपी अधिकारी की छवि भी सही नहीं थी । दूसरी ओर बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि शिकायतकर्ता के साथ पुरानी रंजिश के चलते उन्हें झूठा फंसाया गया है तथा पूरी कार्यवाही पूर्वनियोजित है। उन्होंने यह भी बताया कि अभियुक्त 50 प्रतिशत विकलांग हैं एवं सेना से ईमानदार सेवाकाल के बाद सेवानिवृत हुए हैं, परंतु न्यायालय ने आरोप की गंभीरता व मौजूद साक्ष्यों एवं ट्रैप की कार्यवाही को ध्यान में रखते हुए यह कहते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी कि वर्तमान में अभियुक्त के विरुद्ध जांच प्रचलित है और प्रथम दृष्टया आरोप अत्यंत गंभीर हैं अत: उन्हें इस स्तर पर रिहा करना न्यायोचित नहीं है। इस आधार पर कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी ।

News कॉर्नर

टैक्सी चालक को 8 सवारियां बैठाना भारी पड़ा

नैनीताल । नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में अल्टो टैक्सी चालक को 8 सवारियां बैठाना भारी पड़ गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ़ कार्रवाई करते हुए टैक्सी को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम भवाली मस्जिद तिराहे पर पुलिस को अल्टो टैकसी कार में ज्यादा सवारियां बैठी नजर आई। रोकने पर वाहन चालक ने वाहन को भगा दिया। एसओ रनेश बोरा ने चीता कांस्टेबल अमित गहलोत के साथ टैकसी कार का पीछा किया जिसको नैनीताल में रोक लिया जब एसओ ने टैकसी से सवारियां उतारी तो वह हैरान रह गए। टैकसी में चालक ने आठ सवारियां बैठाई थी जिस पर पुलिस ने वाहन जबत कर लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि हल्द्वानी निवासी नदीम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन सीज कर दिया है।

पर्यटक के साथ मारपीट, गश्त बढ़ाई

नैनीताल । नैनीताल की शान समझी जाने वाली मॉल रोड पर यूपी के पर्यटक के साथ मारपीट के बाद पुलिस चौकन्नी हो गई है। युवकों के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

बता दें कि रविवार की रात को मॉलरोड पर यूपी के एक पर्यटक के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की थी। जिसमे पर्यटक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच कर मारपीट करने वाले तीन युवकों को गिफ्तार कर कार्रवाई की थी। उसी के साथ पुलिस ने रात के समय क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। ताकि कोई भी अराजक तत्व किसी भी प्रकार की अराजकता न फैला सके। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मॉलरोड पर लगातार गश्त की जाएगी। साथ ही अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सिडकुल पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर गिरोह, चार गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सिडकुल पुलिस ने गश्त के दौरान शातिर चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तमंचे, चाकू समेत अन्य सामान बरामद किया। गिरोह के लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।पुलिस की सक्रियता के चलते गिरोह अपने मंसूबों पर सफल नहीं हो सका।

चौकी प्रभारी सिडकुल पुलिस चौकी गणेश दत्त भट्ट के नेतृत्व में टीम में शामिल एसआई अनिल मेहता, एएसआई सतीश बाबू , कांस्टेबल नितिन कुमार सिंह, हरि सिंह, रविन्द्र सिंह धौनी मंगलवार की रात क्षेत्र में गश्त पर थे। पुलिस सिडकुल चौक ढाल पर पहुँचे। तभी पुलिस चौकी प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली नेस्ले फैक्टी के पीछे पार्क में बना खड्डर में शातिर चोर गिरोह के लोग बैठे हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख वहां बैठे चारों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को दबोच लिया। पुलिस को चोरों के कब्जे से तमंचा, चाकू और आलानकव बरामद हुआ। चौकी प्रभारी ने बताया कि पूछताछ चारों ने अपना नरेन्द्र सागर उर्फ नीरज पुत्र बबलू सागर निवासी शांति कालोनी भदईपुरा बताया। उसके पास से एक चाकू व टार्च बरामद हुआ उसने बताया कि वह पहले चोरी के मामले में पकड़ा गया था। दूसरे ने अपना नाम पता अजय साहनी पुत्र पवन साहनी निवासी बगवाड़ा मंडी गेट शनि मंदिर के पास गली में बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक सरिया, टार्च , एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। उसने बताया कि उसके खिलाफ कोतवाली रुद्रपुर में चोरी व लूट के चार मुकदमें दर्ज हैं। तीसरे ने अपना नाम पता करन देव गिरी पुत्र अनिल गिरी निवासी इन्द जागिर निकट सरकारी गल्ला, थाना नवाबगंज जिला बरेली उत्तरप्रदेश, हाल निवासी फुलसुंगी ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से टार्च, एक अदद प्लास बरामद हुआ।उस पर पूर्व में लूट और चोरी का मुकदमा थाना पंतनगर में हुआ है।चौथे ने अपना नाम पता हरपाल उर्फ विकास पुत्र तिलकराम निवासी ललौरी खेड़ा थाना जंहानाबाद जिला पीलीभीत यूपी हाल निवासी भदईपुरा निकट शनि मंदिर बताया। इसके पास से ब्लेट, पेंचकस बरामद हुआ। पूछताछ में बताया कि उसके खिलाफ थाना ट्रांजिट कैम्प में चोरी का मुकदमा भी है। नशे के आदि है नशे की लत ने उन्हें चोर बना दिया है। सिडकल क्षेत्र में कंपनियों में से चोरी करके चोरी के माल को बेचकर अपने नशे की पूर्ति करते है। तमंचा व चाकू लोगों को डराने व अपने बचाव के लिये रखे हुये है।उन्होंने बताया कि पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

12वीं की छात्रा पंखे के कुंडे में लटका देख परिजनों के उड़े होश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के अरविंद नगर में एक 12वीं छात्रा अज्ञात कारणों के चलते पंखे के कुंडे से लटकी देख परिजनों के होश उड़ गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर मोर्चरी भिजवाया। साथ ही पूछताछ की। मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट आदि नहीं मिला है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक ग्राम न्यूरिया, जिला पीलीभीत निवासी गंगाराम को पांच बेटियां व एक बेटा है। ऊषा, ममता और रजनी का विवाह कर चुके हैं, और पिछले कई वर्ष से यहां ट्रांजिट कैंप के अरविंद नगर में किराए का कमरा लेकर पत्नी कुशमा और पुत्री पूनम व पुत्र विष्णु के साथ रहते हैं। गंगाराम और उनकी पुत्री पूनम यहां सिडकुल में काम करते हैं, जबकि 17 वर्षीय शिखा अपने गांव से 12वीं की पढ़ाई कर रही थी। परीक्षा संपन्न होने के चलते पिछले करीब 20 दिनों से वह यहां आई हुई थी। मृतक की बहन पूनम ने बताया कि उसकी मां की तबियत खराब होने के चलते जिला अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से भर्ती थी। जिसका देखभाल शिखा ही सबसे अधिक कर रही थी। मंगलवार को उन्हें डिस्चार्ज किया जाना था। दोपहर में नहाने के लिए वह कमरे पर जाना चाहा तो उसके जीजा छोड़ गए। करीब चार बजे जब अस्पताल से डिस्चार्ज होकर उसकी मां, बहन सब घर पहुंचे तो कमरे अंदर से बंद था। खिड़की से देखा तो शिखा का शव दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था। यह देख घर में कोहराम मच गया। इधर आस पड़ोस में खबर लगते ही भीड़ इकठ्ठा हो गई। सूचना पर पुलिस थाना से एसएसआई महेश कांडपाल, एसआई महिला नेहा ध्यानी समेत अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मृतक की मां ने बताया कि उसके पिता पर पांच लाख का कर्ज है। ऐसे में इस बार उत्तर प्रदेश बोर्ड से 12वीं की परीक्षा शिखा ने दिया था और नर्सिंग की पढ़ाई करनी थी। जिसके लिए करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च होते। जिस वजह से वह परेशान थी।एसएसआई महेश कांडपाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या है। मामले में छानबीन और जांच के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

सांसद भट्ट ने लालकुआं झांसी स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

लालकुआं

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने आज लालकुआं झांसी के मध्य स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑन डिमांड चलाई जा रही इस ट्रेन की सेवा संचालन से विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा शक्ति पीठ, वीर सिंह महल, राजगढ़ पैलेस और सोनागिर जैसे पर्यटक स्थल का भ्रमण करने के साथ-साथ ऐतिहासिक रानी लक्ष्मीबाई के जनपद में भी पौराणिक महत्व के स्थान का भ्रमण कुमाऊं मंडल के लोग कर सकते हैं।

बुधवार को ट्रेन संचालन से पूर्व लालकुआं रेलवे स्टेशन से कुल 176 यात्रियों ने आरक्षण कराया जिसमें 40 लोगों ने थर्ड एसी के टिकट बुक जबकि 11 लोगों ने सेकंड एसी में यात्रा की वही 136 लोगों ने स्लीपर क्लास में अपना आरक्षण कर कर पहले दिन लालकुआं से यात्रा की शुरुआत की। क्षेत्रीय विधायक लाल कुआं डॉक्टर मोहन सिंह बिष्ट, हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पवन सिंह चौहान बड़ी संख्या में रेलवे के अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे । ट्रेन संख्या 04181/04182 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी ङ्क लालकुआं- वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी साप्ताहिक समर स्पेशल गाड़ी का संचालन कुल 14 फेरों के लिए किया जायेगा। 04181 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - लालकुआं साप्ताहिक समर स्पेशल गाड़ी वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन से 24 जून, 2025 से 5 अगस्त, 2025 तक 7 फेरों के साथ प्रत्येक मंगलवार को संचालित होगी। इसी प्रकार वापिसी 04182 लालकुआं- वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी साप्ताहिक समर स्पेशल गाड़ी लालकुआँ से 25 जून, 2025 से 06 अगस्त, 2025 तक 7 फेरों के साथ प्रत्येक बुधवार को संचालित होगी।

नवनिर्मित कालू सिद्ध मंदिर में हवन अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आज नवनिर्मित कालू सिद्ध मंदिर में हवन अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर सदा शिव भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया देवभूमि उधोग व्यापार मंडल के तत्वाधान व आयोजित अनुष्ठान एवं भंडारे को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह बना रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने इस देव दरबार में पहुंचकर सौभाग्य प्राप्त किया। कार्यक्रम में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर दर्जा राज्य मंत्री डॉ अनिल कपूर डब्बू पूर्व राज्य मंत्री गणेश उपाध्याय राज्य मंत्री रेणु अधिकारी श्याम सिंह नेगी प्रेम सिंह परिहार प्रताप सिंह चौहान कमल पाठक राहुल छिमवाल केदार पलडिया सतीश नैनवाल पूर्व प्रधान रमेश चंद्र जोशी समेत अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।

गुलदार के जबड़े से अपने लाडले को छुड़ा लाई मां

टिहरी। जिले के प्रतापनगर ब्लॉक में भदूरा पट्टी के ओनाल गांव में सोमवार रात को एक गुलदार ने आंगन में खेल रहे बच्चे को दबोच लिया। यह देख बच्चे की मां साहस दिखाते हुए गुलदार से भिड़ गई और उसकी जान बचा ली। बच्चे के सिर व कान में गहरे घाव हैं, उसे प्राथमिक उपचार के बाद ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया है। प्रतापनगर के लोगों को गुलदार के खौफ से निजात नहीं मिल पा रही है।

रेलवे पटरी के पास मिला शव,परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सनसनी

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पुलभट्टा थाना क्षेत्र में देर शाम रेल पटरी के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। सोमवार देर शाम थाना पुलभट्टा पुलिस को सूचना मिली कि बरेली रोड़ में रेलवे पटरी के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बाद में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चिकित्सालय भिजवाया। जहां मृतक की शिनाख्त 35 वर्षीय सत्यवान पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम दोहरा घुसरी सितारगंज के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक परिजन भी पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक मजदूरी करता था। गत दिवस वह घर से काम के लिए निकला था लेकिन घर वापस नहीं लौटा। उसकी खोजबीन की जा रही थी। तभी उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव रेल पटरी के पास मिला है। चिकित्सालय जाकर देखा तो शव सत्यवान का था। परिजनों ने सत्यवान की हत्या कर उसका शव रेल पटरी के पास फेंक देने का संदेह व्यक्त किया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

नगर निगम के नये जुड़े वार्डों से टैक्स वसूलने पर वार्ता

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ग्रामीण इकाई मुखानी कुसुमखेड़ा के व्यापारियों द्वारा आज नगर अध्यक्ष पवन जोशी महामंत्री पवन वर्मा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल पहले नगर आयुक्त ऋचा सिंह की अनुपस्थिति में सहायक नगर आयुक्त पाठक से मिला।

जिसमें नगर निगम के नये जुड़े वार्डों से टैक्स वसूलने पर वार्ता की, जिस पर व्यापारियों द्वारा कहा गया कि 2018 में तत्कालीन सरकार द्वारा नए जुड़े नगर निगम छेत्र को 10 वर्षों के लिए टैक्स मुक्त किया गया था, लेकिन आज व्यापारियों से 2022 से टैक्स की मांग की जा रही है जिस पर व्यापारियों ने विरोध किया, व्यापारियों द्वारा कहा गया कि जब 10 वर्ष तक टैक्स माफ किया गया है,तो फिर आज व्यापारियों को क्यों नोटिस भेजे जा रहे है और क्यों 1 वर्ष के टैक्स जमा करने के नाम पर 2022 से टैक्स लिया जा रहा है, जिस पर सहायक नगर आयुक्त द्वारा जियो दिखाते हुए कहा गया है कि केवल हाउस टैक्स पर कहा गया है जबकि व्यापारियों द्वारा कहा गया है कि ऐसी जियो में कोई बात नहीं की गई है ,केवल नये जुड़े वार्डों में 10 वर्ष तक भवन कर नहीं लिया जायेगा का आदेश था, उसके बाद व्यापारियों द्वारा नगर निगम महापौर गजराज सिंह बिस्ट जी से मुलाकात करते हुए सरकार द्वारा कही गयी बात को कहा और इसे पूर्ण रूप से नगर निगम में जुड़े सभी व्यापारी एवं आवासीय के लिए 10 वर्ष तक छूट देने का निवेदन किया।

जिस पर नगर निगम महापौर द्वारा मोन आस्वासन देते हुए सरकार से वार्ता की बात कही, व्यापारियों द्वारा नगर निगम मेयर पर भरोसा जताया है ,और कहा कि फिर भी नहीं हुआ तो व्यापारी आंदोलन को बाध्य होगा, मिलने वालों में जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, नगर निगम पार्षद नीमा भट्ट,हरीश मठपाल,सुनीता वर्मा, दीपक कपिल, प्रदीप भट्ट, भास्कर त्रिपाठी, दीपक वर्मा, दीपक गुर्रानी, आशीष शर्मा, राजेन्द्र बिस्ट, नंदाबल्लभ शर्मा, नंदन कांडपाल, दिवान बिस्ट, प्रदीप ओली, फैजान, समय शर्मा सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित थे।